
# दिल्ली में दो केंद्रीय मंत्रियों से मिले सीएम यादव

## 03 दिन में दूसरी बार नई दिल्ली पहुंचे थे सीएम

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 12 सितंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को दिनभर नई दिल्ली में ही रहे. वे तीन दिन में दूसरी बार शुक्रवार दोपहर बाद नई दिल्ली पहुंचें थे. शनिवार को उन्होंने दो केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात की.**

इधर एक दिन पहले ही प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल भी नई दिल्ली पहुंचें थे, यहां उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ मुलाकात की थी. प्रदेश के नेताओं के लगातार दिल्ली दौरे और बड़े भाजपा नेताओं से मुलाकात राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गया है.



सीएम ने शनिवार को सबसे पहले नई दिल्ली में केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया से सौजन्य भेंट की. इस दौरान मध्यप्रदेश के विकास, रोजगार सृजन, युवाओं के कौशल विकास तथा प्रदेश में रोजगार के नए अवसरों के विस्तार से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा हुई. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश में युवाओं के कौशल विकास और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी. साथ ही प्रदेश के युवाओं को अधिक अवसर उपलब्ध कराने तथा केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के सहयोग से रोजगार एवं कौशल विकास से जुड़ी विभिन्न योजनाओं को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने के संबंध में भी विचार-विमर्श किया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय मंत्री मांडविया के बीच युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों के विस्तार, कौशल विकास को बढ़ावा देने तथा केंद्र और राज्य के समन्वय से रोजगारपरक गतिविधियों को गति देने सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा हुई. मांडविया से मुलाकात के बाद सीएम डॉ. यादव केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह से मुलाकात की. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मप्र में वस्त्र उद्योग के लिए उपलब्ध संभावनाओं और राज्य सरकार द्वारा उद्योग एवं निवेश को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों से केंद्रीय वस्त्र मंत्री को अवगत कराया.

### और नेताओं से मुलाकात की संभावना

उन्होंने प्रदेश में टेक्सटाइल सेक्टर को और अधिक गति प्रदान करने तथा इस क्षेत्र में नए निवेश आकर्षित करने की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया. देर रात और केंद्रीय नेताओं से सीएम की मुलाकात की संभावना जताई जा रही है. सीएम डॉ. यादव यूएई के दौरे से वापस आने के बाद भी लगभग 6 से 7 घंटे का लंबा समय नई दिल्ली में बिताया था. वे केंद्रीय नेताओं से मुलाकात के बाद सीधे सागर पहुंचे थे, जहां उन्होंने जहरीला शराब से मृत लोगों के परिजनों के साथ मुलाकात करने के साथ अस्पताल में भर्ती मरीजों से भी मिले थे. इधर सीएम जब राजधानी में थे, तब प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल एक दिन पहले नई दिल्ली में थे, उन्होंने दो कद्दावर केंद्रीय नेताओं से मुलाकात की थी, इसमें अमित शाह और राजनाथ सिंह शामिल हैं.

## मंत्रालय के गलियारे से

### क्या छिपाना चाह रहे अफसर

**कन्हैया लोधी**

राजधानी का मास्टर प्लान इन दिनों बर्निंग सब्जेक्ट बना हुआ है. इस सब्जेक्ट को लेकर पिछले दिनों आला अफसरों का दिल्ली दौरा भी बेहद चर्चा में बना रहा. सबने माना कि सरकार के ये अफसर दिल्ली में सरोकार वाले लोगों के साथ प्लान को लेकर जबर्दस्त माथापच्ची कर रहे थे, लेकिन बाद में एक अफसर ने इस मामले को ठंडा करने के लिए एक नया शिगूफा चल दिया. उन्होंने दलील दी कि वे तो अपने पापाजी से मिलने के लिए दिल्ली गई थी. अब बस फिर क्या था, जिसको जो अनुमान लगाना है, लगाते रहे. ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि इस बड़े सब्जेक्ट को लेकर क्या बड़े स्तर पर कुछ छिपाने की भी कोशिश की जा रही है, यह तो आने वाले वक्त पर ही पता चलेगा.



### जून की घटना और सितंबर में वायरल

प्रदेश के एक माननीय विधायक से जुड़ा घटनाक्रम हाल ही में तेजी से वायरल हुआ. माननीय के साथ मारपीट जैसी बड़ी घटना हो गई, घटना भी ऐसी कि बस जबड़ा टूटने से बच गया. लेकिन माननीय ने किसी फोरम में कोई शिकायत तक नहीं की. सत्ताधारी दल के विधायक के साथ हुई इस घटना के बारे जो जानकारी छन कर आ रही है वह ये कि ये घटना सितंबर की नहीं बल्कि जून की है, ये और बात है कि वायरल अब जाकर हुई. अब माननीय के शिकायत नहीं करने की वजह भी कुछ-कुछ सामने आ रही है, बताया जा रहा है कि यदि मामला कुछ ज्यादा ही सार्वजनिक हो जाता तो फिर उनके चरित्र पर भी सवाल उठ सकते थे, इसलिए उन्होंने मामले में मौन धारण करना ही बेहतर समझा.

### आखिरकार ताकतवर कॉडर ने दिखा दिया रूतबा

प्रदेश में तीन सबसे ताकतवर कॉडर हैं, जो कि सरकार चलाने में सबसे प्रभारी भूमिका निभाते हैं. इस तीनों की कॉडर के बीच कई बार वर्चस्व को लेकर जंग की स्थिति बनती है, लेकिन सरकार चलाने में सबसे बड़ी भूमिका निभाने वाला कॉडर बाकी दो कॉडर पर हावी ही रहता है. हाल ही में एक ऐसे ही कॉडर के जिले में पदस्थ रहने वाले अफसर को सबसे ताकतवर कॉडर के समकक्ष अफसर के अधीन कर दिया गया. इस व्यवस्था का लंबे समय से विरोध चल रहा था, लेकिन आखिरकार मैदान में हावी रहने वाला कॉडर ने अपना रूतबा दिखा दिया. अब प्रभावित कॉडर इसे जंगलराज की संज्ञा देने में लगा है.

### कद बढ़ाने की तैयारी में नेता

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के कार्यक्रम के लिए कांग्रेस एक कदम और आगे बढ़ गई है. पैसा जमा कराने का एक बेरियर पार कर लिया है. कांग्रेस के नेताओं को उम्मीद है कि वे कार्यक्रम बेहद सफल होगा, इसकी तैयारी भी की जा रही है. कुछ कुछ नेता इसे अपने कद में इजाफा करने के मौके के रूप में भी देख रहे हैं. अभी दिल्ली दरबार में जीतू पटवारी की एकतरफा गुंज है, ऐसे में इस इवेंट के बहाने दूसरे नेता भी राहुल गांधी की आंखों का तारा बनने की जुगत में लग गए हैं. अब देखने वाली बात ये होगी कि आखिर उन्हें कामयाबी मिलती है या नहीं.

## एक नजर में

### दिल्ली से अशोकनगर के बीच चलेगी ट्रेन

**भोपाल.** रेल यात्रियों की सुविधा और आनंदपुर ट्रस्ट में आयोजित श्री 108 गुरु महाराज के 100वें जन्मदिवस के अवसर पर यात्रियों/श्रद्धालुओं की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा दिल्ली सराय रोहिल्ला - अशोकनगर- दिल्ली सराय रोहिल्ला के मध्य एक-एक ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है. गाड़ी संख्या 04004 दिल्ली सराय रोहिल्ला-अशोकनगर स्पेशल ट्रेन 17 सितंबर को दिल्ली सराय रोहिल्ला स्टेशन से 12:15 बजे प्रस्थान करेगी. यह ट्रेन फरीदाबाद स्टेशन पर 13:40/13:42 बजे, कोसीकलां 14:55/14:57 बजे मथुरा जंक्शन 16:35/16:40 बजे पहुँचेगी.

### ट्राले की टक्कर से बाइक सवार युवती की मौत

**खरगोन.** मुंबई-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम मगरखेड़ी के पास शनिवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. तेज रफ्तार ट्रक-ट्राले ने बाइक सवार युवक-युवती को टक्कर मार दी. हादसे में बाइक पर सवार भूमि शर्मा (26) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहा आशीष परमार घायल हो गया. हादसा सुबह करीब 7 बजे हुआ. टक्कर के बाद युवती ट्रक के पहिए के नीचे आ गई और उसका शव वाहन में फंस गया. सूचना मिलते ही बलकवाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने क्रेन की मदद से ट्रक को हटवाकर शव को बाहर निकलवाया. घायल युवक को हाईवे एंबुलेंस से उपचार के लिए ठीकरी अस्पताल भेजा गया.

### सूने घर से 2.75 लाख नगद और जेवर चोरी

**जबलपुर.** गोहलपुर थाना क्षेत्र के अमन नगर में चोरों ने सूने मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और 2.75 लाख रुपये नगद चोरी कर लिए. घटना के समय परिवार रिश्तेदार की शादी में शामिल होने गया था. पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है. पुलिस के अनुसार अमन नगर निवासी सगीर अहमद अंसारी (56) ठक्कर ग्राम में दुकान संचालित करते हैं. उनके साढू अतीक अहमद की बेटी की शादी थी. सगीर अहमद दुकान से सीधे शादी समारोह में चले गए थे, जबकि शाम करीब 6:30 बजे उनकी पत्नी और बेटी भी घर में ताला लगाकर कार्यक्रम में शामिल होने चली गईं.

# 50 फीट नीचे गिरी थार

## टली बड़ी जनहानि, बच गई चार जानें

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर, 12 सितंबर. प्रतीक सेतु से करीब 50 फीट नीचे गिरी थार में सवार चार लोगों की जान बच गई. आधी रात के बाद हुए इस हादसे में थार रेलिंग तोड़कर नीचे जा गिरी और पलट गई. संयोग से जिस समय वाहन नीचे गिरा, वहां सड़क पर कोई दूसरा वाहन नहीं था. थार में सवार चारों लोग घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया.**

राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में यह हादसा रात करीब 3.30 बजे हुआ. शुरुआती जानकारी के अनुसार थार अन्नपूर्णा से बिजलपुर की ओर जा रही थी. पुल पर पहुंचने के दौरान वाहन अनियंत्रित हुआ और रेलिंग तोड़ते हुए नीचे जा गिरा. गिरने के बाद थार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई. टक्कर के दौरान एयरबैग खुल गए. हादसे की आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी. कार में सवार लोग अंदर फंसे हुए थे, जिन्हें बाहर निकाला गया.



# फर्जीवाड़े पर एनएसयूआई ने उठाए सवाल



**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 12 सितंबर. राजधानी के श्री बालाजी मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में आयुष्मान भारत निरामय योजना सहित अन्य शासकीय स्वास्थ्य योजनाओं में कथित अनियमितताओं और फर्जीवाड़े के आरोपों को लेकर एनएसयूआई ने कार्रवाई में देरी पर सवाल उठाए हैं.**

संगठन ने आरोप लगाया कि अस्पताल के विरुद्ध शिकायतों और शासन स्तर से जांच के निर्देश के बावजूद अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई है.

एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने प्रेस बयान में आरोप लगाया कि जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. रितेश रावत और चिकित्सा अधिकारी डॉ. अश्विन भंबल द्वारा अस्पतालों के निरीक्षण में गंभीर अनियमितताएं की गईं तथा कथित फर्जी निरीक्षण रिपोर्ट के माध्यम से शासन को गुमराह किया गया.

> डॉ. रावत से संबंधित निरीक्षण रिपोर्टों को लेकर पूर्व में भी शिकायतें और नोटिस सामने आ चुके हैं. 9 मई 2026 को उप मुख्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के विशेष सहायक ने एनएसयूआई की शिकायत पर विभागीय आयुक्त को पत्र जारी कर अस्पताल के संबंध में नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए थे. इसके बाद 10 जुलाई को वरिष्ठ संयुक्त संचालक, विनियमन एवं नीति ने सीएमएचओ भोपाल से अस्पताल के पंजीयन, चिकित्सकीय एवं नर्सिंग स्टाफ, उपस्थिति व वेतन अभिलेख तथा आयुष्मान और अन्य सरकारी योजनाओं के दावों की जांच संबंधी तथ्यात्मक जानकारी मांगी थी.

# मेडिकल कॉलेजों में एमजीएम इंदौर टॉप पर

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 12 सितंबर. नीट यूजी काउंसलिंग के दूसरे दौर के नतीजे आते ही मप्र के मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस दाखिले की स्थिति पूरी तरह साफ हो गई है. राज्य भर के अभ्यर्थियों के बीच इंदौर और भोपाल के सरकारी कॉलेजों का जबर्दस्त क्रेज रहा.**

चिकित्सा शिक्षा निदेशालय की सूची में इंदौर का एमजीएम कॉलेज टॉप चॉइस बनकर उभरा. जहां दाखिला 11,467 वीं ऑल इंडिया रैंक पर ही बंद हो गया. वहीं दूसरे स्थान पर भोपाल के गांधी मेडिकल कॉलेज में 16,669 वीं रैंक पर दाखिला बंद हुआ. बता दें काउंसलिंग के दूसरे चरण में 10 हजार 893 अभ्यर्थी शामिल हुए. जिसमें दाखिले की खिड़की 36 हजार 810 ऑल इंडिया रैंक पर पूरी तरह बंद हो गई.

हालांकि दूसरे चरण की आवंटन प्रक्रिया में 115 एनआरआई सीटें भी आवंटित की गईं. इनमें से 96 सीटें एमबीबीएस कोर्स के लिए दी गई हैं. वहीं एनआरआई कोटे के तहत दाखिला पाने वाले अभ्यर्थियों का ऑल इंडिया रैंक ग्राफ 1 लाख 58 हजार 627 से शुरू होकर 9 लाख 92 हजार 621 तक गया.

### समय पर रिपोर्ट न करने पर लगेगा जुर्माना

जिन छात्रों को सीटें अलॉट हुई हैं, उन्हें 12 से 18 सितंबर के बीच आवंटित कॉलेज में स्वयं पहुंचकर अपने ओरिजिनल डॉक्यूमेंट्स जमा करने होंगे और एडमिशन प्रोसेस पूरा करना होगा. तय तारीख तक कॉलेज में रिपोर्ट न करने पर अलॉट की गई सीट रद्द कर दी जाएगी. लापरवाही बरतने वाले छात्रों पर पेनल्टी का प्रावधान भी रखा गया है, जिसके तहत सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों पर 2 लाख रुपये और एनआरआई कोटे के अभ्यर्थियों पर 10 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा.

### कॉलेजों में फुल हुई सीट

एमजीएम मेडिकल कॉलेज इंदौर- **11467 वीं रैंक**

गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल- **16669 वीं रैंक**

एनएससीबी मेडिकल कॉलेज जबलपुर- **24 356 रैंक**

जीआरएमसी ग्वालियर- **24539 रैंक**

एसएसएमसी रीवा में दाखिला- **3100**

बीएमसी सागर की कटऑफ- **36810 रैंक**

# स्नातक, स्नातकोत्तर की रिक्त सीटों पर प्रवेश का अंतिम मौका

## 12 से 16 सितंबर तक अतिरिक्त सीएलसी चरण

**भोपाल, 12 सितंबर. उच्च शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 में स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाओं की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को एक और अवसर दिया है. इसके तहत अतिरिक्त कॉलेज स्तर परामर्श चरण 12 से 16 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा.**

इस चरण में शासकीय, अनुदान प्राप्त अशासकीय और अशासकीय महाविद्यालयों में उपलब्ध रिक्त सीटों पर पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा. विभाग ने महाविद्यालयों को निर्धारित अवधि में प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने और विद्यार्थियों को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं. इससे पहले रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए 21 से 31 अगस्त तक कॉलेज स्तर परामर्श चरण निर्धारित था. छात्रहित को देखते हुए इसकी अवधि बढ़ाकर विद्यार्थियों को प्रवेश का एक और अवसर दिया गया है. विद्यार्थी उपलब्ध रिक्त सीटों की जानकारी लेकर संबंधित महाविद्यालय में निर्धारित अवधि में प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं. विभाग ने स्पष्ट किया है कि 16 सितंबर को निर्धारित समय समाप्त होने के बाद प्रवेश मान्य नहीं होगा.

# बच्चों से भरी बस के ड्राइवर को मारी गोली

**ग्वालियर.** डबरा क्षेत्र में बच्चों से भरी स्कूल बस के ड्राइवर के साथ मारपीट और फायरिंग का मामला सामने आया है. कार हटाने को लेकर हुए विवाद के बाद बदमाशों ने बस चालक को नीचे उतारकर पीटा और गोली चला दी. फायरिंग में छर्रा लगने से चालक घायल हो गया. घटना के समय बस में बैठे बच्चे सहम गए. ग्लोरी स्कूल की बस बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी. बस चालक खेम सिंह जब पिछोर थाना क्षेत्र के बड़ी अकबई गांव के पास पहुंचे, तभी रास्ते में एक कार खड़ी मिली. बस का रास्ता बाधित होने पर चालक ने कार सवारों से वाहन हटाने को कहा. इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई. विवाद बढ़ने पर कार सवार युवकों ने चालक को बस से नीचे उतार लिया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी. आरोप है कि इसके बाद बदमाशों ने फायरिंग कर दी, जिसमें छर्रा लगने से खेम सिंह घायल हो गए. अचानक हुई घटना से बस में बैठे बच्चे डर गए. घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी और घायल चालक को अस्पताल पहुंचाया. हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे ग्वालियर रेफर कर दिया.

# भोपाल-इंदौर समेत कई जिलों में झमाझम बारिश

## रतलाम के खेतों में भरा पानी, चित्रकूट में बढ़ा मंदाकिनी का जलस्तर

### 15 में भारी बारिश का अलर्ट

**नवभारत न्यूज**

**भोपाल, 12 सितंबर. मध्यप्रदेश में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है. शनिवार को भोपाल सहित कई शहरों में बारिश हुई. सुबह इंदौर, धार, खरगोन और बड़वानी में तेज बारिश हुई, जबकि रतलाम के नामली में करीब आधे घंटे तक मूसलाधार बारिश से खेतों में पानी भर गया. सतना के चित्रकूट में मंदाकिनी नदी का जलस्तर भी बढ़ गया है.**



मौसम विभाग ने शनिवार को उज्जैन, धार, बड़वानी, खरगोन, खंडवा, देवास, हरदा, सागर, रायसेन, नर्मदापुरम, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट और छतरपुर में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है. वहीं प्रदेश के कई अन्य जिलों में हल्की से तेज बारिश होने की संभावना है. पिछले तीन-चार दिनों से प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश नहीं होने से गर्मी और उमस बढ़ गई थी.

> **अब तक सामान्य से 2.7 इंच कम बारिश**
>
> मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में इस मानसून सीजन में अब तक 801.3 मिलीमीटर यानी 31.5 इंच बारिश हो चुकी है. सामान्य बारिश 868.6 मिलीमीटर यानी 34.2 इंच के मुकाबले यह करीब 2.7 इंच कम है. प्रदेश में कुल बारिश सामान्य से 8 प्रतिशत कम है. पश्चिमी हिस्से में कमी 14 प्रतिशत तक है, जबकि पूर्वी हिस्से में यह अंतर करीब 1 प्रतिशत रह गया है.

# उज्जैन-गरोठ हाईवे से हटाए अतिक्रमण

## एनएचएआई सदस्य ने निर्माणाधीन परियोजनाओं का किया निरीक्षण



**नवभारत न्यूज**

**भोपाल, 12 सितंबर. भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के सदस्य (परियोजना) विपिनेश शर्मा ने मध्यप्रदेश दौरे के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का निरीक्षण किया.**

उन्होंने करीब 140 किमी लंबे उज्जैन-गरोठ गलियारे के तीनों पैकेज और इंदौर-खंडवा मार्ग पर निर्माणाधीन 33.4 किमी लंबे तेजाजी नगर-बलवाड़ा मार्ग का जायजा लिया. उज्जैन-गरोठ परियोजना के निर्माणाधीन पैकेज-1 में उन्होंने निर्माण कार्यों, गुणवत्ता और प्रगति की समीक्षा की.

> निर्माणाधीन आरई वॉल सहित अन्य संरचनात्मक कार्यों का निरीक्षण करते हुए निर्धारित तकनीकी मानकों का पालन करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं होना चाहिए. कार्य समयसीमा में पूरा करने के साथ सुरक्षा प्रबंध, पर्याप्त संसाधन और नियमित निगरानी सुनिश्चित करने को कहा. पूर्ण हो चुके दो पैकेजों के निरीक्षण के दौरान हाईवे की स्थिति, यातायात व्यवस्था और सुविधाओं की समीक्षा की.

**मार्च निकालने की चेतावनी** ▶ 31 घंटे के उपवास को जीतू पटवारी ने दिया समर्थन

# मास्टर प्लान तीन माह में जारी करने की मांग



**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 12 सितंबर. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने शनिवार को रोशनपुरा चौराहे पर पूर्व मंत्री पी.सी. शर्मा द्वारा भोपाल मास्टर प्लान लागू करने की मांग को लेकर आयोजित 31 घंटे के उपवास को समर्थन दिया.**

सभा को संबोधित करते हुए पटवारी ने कहा कि कांग्रेस लगातार भोपाल और इंदौर के मास्टर प्लान का मुद्दा उठाती रही है. मास्टर प्लान के अभाव में दोनों शहरों में अनियोजित विकास हो रहा है, जिससे आम नागरिकों और व्यापारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.उन्होंने नगरीय प्रशासन मंत्री, मुख्य सचिव और मुख्यमंत्री से मांग की कि दोनों शहरों के मास्टर प्लान तीन माह के भीतर जारी किए जाएं. पटवारी ने चेतावनी दी कि निर्धारित अवधि में मास्टर प्लान जारी नहीं हुए तो कांग्रेस इंदौर से भोपाल तक 50 हजार लोगों का मार्च निकालेगी. उन्होंने कहा कि इस मार्च में प्रदेश में भ्रष्टाचार और अनियोजित विकास के मुद्दे भी उठाए जाएंगे.

पटवारी ने कहा कि कांग्रेस नागरिकों और व्यापारियों की आवाज "सड़क से विधानसभा तक" उठाती रहेगी. उन्होंने 19 सितंबर को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर सरकार पर भी निशाना साधा और आरोप लगाया कि आयोजन स्थल के लिए 10 लाख रुपये लिए गए हैं. उन्होंने सरकार से राजनीतिक विचारों से ऊपर उठकर लोकतांत्रिक परम्पराओं और जनभावनाओं का सम्मान करने की अपील की.


## कार्यालय नगर पालिका परिषद डोंगर परासिया जिला छिन्दवाड़ा

Telephone: 07161.230508; E-mail : cmodongarparasiya@mpurban.gov.in

क्रमांक-665/PWD/NPP/2026 — डोंगर परासिया, दिनांक 10-09-2026

**// प्रथम/द्वितीय निविदा सूचना//**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2026_UAD_535169_1 दिनांक-10-09-2026 | संसद निधि से वार्ड क्रं. 13 में रंगमंच निर्माण कार्य | 03 माह 2,78,964/- | 2,000/- 2,800/- | 29-09-2026 |
| 2026_UAD_535170_1 दिनांक-10-09-2026 | संसद निधि से वार्ड क्रं. 15 में रंगमंच निर्माण कार्य | 03 माह 1,50,163/- | 1,000/- 3,100/- | 29-09-2026 |
| 2026_UAD_535171_1 दिनांक-10-09-2026 | संसद निधि से वार्ड क्रं. 16 में रंगमंच निर्माण कार्य | 03 माह 1,50,163/- | 1,000/- 3,100/- | 29-09-2026 |
| 2026_UAD_506504_1 दिनांक-10-09-2026 | वित्तीय वर्ष 2025-26 में विशेष निधि मद अंतर्गत विभिन्न वार्डों में पाईप लाईन मरम्मत कार्य (2nd Call) | 03 माह 13,87,500/- | 2,000/- 10,500/- | 29-09-2026 |

**शर्तः-** निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद डोंगर परासिया**